राम राम रटो जपो रामजी की माला

राम राम रटो जपो रामजी की माला,
राम नाम अमृत का पीले तू प्याला,
राम राम रटो जपो रामजी की माला.......-3

राम जी का नाम जिसने मन धारा है,
राम है खिवैया बन जाते सहारा है,
ओ राम जी की महिमा बड़ी है विशाला,
राम राम रटो जपो रामजी की माला॥

राम नाम ज्योत इस मन में जगा ले तू,
छोड़ मोह माया राम नाम अपना ले तू,
अरे खुश हो जाऐगे बजरंग बाला,
राम राम रटो जपो रामजी की माला॥

राम नाम सागर भक्ता डूबकी लगा ले तू,
अरे राम नाम लूट ले मौज मना ले तू,
राम नामी नौका ने पार कर डाला,
राम राम रटो जपो रामजी की माला॥

बोल राम नाम क्यों ना अब तक बोला,
राम जी के नाम का तू ओढ़ ले चोला,
राम जी से बड़ा राम नाम है निराला,
राम राम रटो जपो रामजी की माला॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24540/title/ram-ram-rato-japo-ramji-ki-mala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |